खाखन नदी के तेज बहाव में बह गये दम्पत्ति !

13 वर्षों से पुलिया निर्माणाधीन, खाखन नदी की पुल बहा,जिले में हुई भारी बारिश,आवागमन बंद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 अगस्त। जिले के अधिकांश भागों में रविवार की अल सुबह हुई घनघोर बारिश ने जन जीवन प्रभावित कर दिया। देवसर-चितरंगी क्षेत्र में इस कदर बारिश हुई कि कई नदी-नाले उफान पर आ गये और आवागमन कई घंटे तक थमा रहा।

एनएच 39 सीधी-सिंगरौली के खाखन नदी की पुलिया बह गई और उसमें बाईक सवार दम्पत्ति के भी बहने की खबर है। तिनगुड़ी के कुकरॉव गांव एवं बरगवां के मनिहारी गांव की नदी भी उफान पर है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह करीब 8 बजे क्षेत्र में हुई घनघोर बारिश से सीधी-सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर खाखन पुल के ऊपर पानी बहने एवं पुल के ध्वस्त हो जाने से रविवार को आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। अतिवृष्टि के कारण पुल पर जलस्तर बढ़ने एवं पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद सुरक्षा के मद्देनजर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। इससे हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इधर बारिश के दौरान खाखन पुल पर पानी बढ़ने की स्थिति ने एक बार फिर सीधी-सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग-39 की निर्माण व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में इस हिस्से में आवागमन प्रभावित होने की समस्या नई नहीं है। इसके बावजूद स्थायी समाधान अब तक नहीं हो सका।

बरगवां-देवसर मार्ग पर आवाजाही से बचने की अपील:- इधर लगातार बारिश और तेज जलप्रवाह के कारण जियावन थाना क्षेत्र में स्थित खाखन पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल की स्थिति को देखते हुए बरगवां-देवसर होकर सीधी जाने वाले मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने इस मार्ग पर आवागमन नियंत्रित करते हुए वाहन चालकों से वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करने की अपील की है। एसपी सियाज केएम के निर्देशन में खाखन पुल सहित आसपास के मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिसकर्मी लगातार यातायात की निगरानी कर रहे हैं और वाहन चालकों को सुरक्षित वैकल्पिक मार्गों से भेजा जा रहा है। पुलिस ने लोगों से क्षतिग्रस्त पुल के आसपास अनावश्यक रूप से नहीं जाने की भी अपील की है। बैढ़न से सीधी जाने वाले बस एवं अन्य वाहनों के लिए बरगवां-बड़ोखर, गिधेर, खड़ौरा, धनहा तिराहा, चितरंगी तिराहा होते हुए सीधी जाने का मार्ग निर्धारित किया गया है। छोटे वाहन बरगवां-झुरही,पुरानी देवसर, लोहरा, ढोंगा-जियावन डाड मार्ग से जा सकेंगे। भारी वाहनों के लिए मोरवा, बरगवां, चितरंगी,कर्थुआ मार्ग तय किया गया है। सीधी से बैढ़न आने वाले वाहनों को भी निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा।

छोटे वाहन जियावन डाड, ढोंगा, लोहरा, पुरानी देवसर, झुरही, बरगवां मार्ग का उपयोग कर सकेंगे, जबकि भारी वाहनों के लिए कर्थुआ, चितरंगी, मोरवा-बरगवां मार्ग निर्धारित है। इस दौरान खाखन नदी पर जायजा लेने के लिए देवसर उपखंड अधिकारी सौरभ मिश्रा एवं राजस्व विभाग की टीम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डॉ. गायत्री तिवारी एवं जियावन थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा सहित भारी संख्या में पुलिस बल एवं यात्री सहित ग्रामीण मौजूद।

13 साल से निर्माणाधीन हाईवे, यातायात ठप

ग्रामीणों के अनुसार एनएच-39 का निर्माण करीब 13 वर्षों से चल रहा है, लेकिन सड़क का काम अभी तक पूरी तरह पूरा नहीं हो पाया है। खाखन में नया पुल भी लंबे समय से निर्माणाधीन है। पुल अधूरा होने के कारण पुराने पुल से ही वाहनों का आवागमन कराया जा रहा है। अतिवृष्टि के दौरान इसी पुल के ऊपर पानी आने एवं क्षतिग्रस्त होने पर यातायात बंद हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से सड़क और पुल निर्माण के बावजूद यदि बारिश में राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बंद हो जाए तो निर्माण कार्य की गति और गुणवत्ता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से निर्माण पूरा होने का इंतजार किया जा रहा है। फिलहाल पुलिया मरम्मत का कार्य एनएचआई ने शुरू कर दिया है। कल सोमवार से आवागमन शुरू हो सकता है।

बाईक के साथ दम्पत्ति के बहने की चर्चा

खाखन नदी उफान पर थी। इसी दौरान देवसर से बरगवां की ओर जा रहे मोटरसाइकिल से पति-पत्नी बह गये। प्रत्यक्षदर्शी सोनी परिवार बताते हैं कि उनके नजरों के सामने यह घटना घटी है। नदी करीब-करीब पार कर लिये थे, थोड़ा से बचा था और इस दौरान तेज पानी के झटके के कारण मोटरसाइकिल के साथ बह गये। नदी में तेज पानी का झटका था। जिसके आगे वहां मौजूद लोग बेवस थे। हालांकि देर शाम तक जियावन थाना में ऐसी कोई सूचना पुलिस तक नही पहुंची है। जियावन पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया में जरूर सुनने को मिल रहा है। परंतु थाने में कोई इतला नही है। इधर सोशल मीडिया में इस बात की चर्चा जोरो से है। इसमें कितनी सच्चाई है और बाईक सवार दम्पत्ति कौन थे, यह भी स्पष्ट नही हो पाया है। मिया-बीबी एवं दो बच्चों का फोटो बाईक के साथ घर की लोग वायरल कर रहे हैं।

महाविद्यालय के प्रवेश द्वार के सामने जमा है पानी

बारिश में विद्यार्थियों की बढ़ी परेशानी

नवभारत न्यूज

चितरंगी 30 अगस्त। शासकीय स्व. जगन्नाथ सिंह स्मृति महाविद्यालय परिसर इन दिनों बारिश के पानी से जलमग्न है। महाविद्यालय के मुख्यद्वार के सामने करीब दो फीट तक पानी जमा होने से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों को भी पानी के बीच से निकलने में कठिनाई हो रही है।

महाविद्यालय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए चितरंगी सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से छात्र-छात्राएं नियमित रूप से पहुंचते हैं। ऐसे में मुख्य प्रवेश द्वार पर लंबे समय से पानी का जमाव विद्यार्थियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। कई विद्यार्थियों को जूते-चप्पल हाथ में लेकर पानी पार करना पड़ता है। यहां ज्ञात हो कि महाविद्यालय चारों ओर से पहाड़ी क्षेत्र से घिरा हुआ है, जिसके कारण बारिश के दौरान पानी परिसर में पहुंचना स्वाभाविक माना जा सकता है। लेकिन जल निकासी की समुचित व्यवस्था कर इस समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। परिसर में पानी की निकासी के लिए नाली अथवा अन्य वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से बारिश का पानी मुख्यद्वार के सामने जमा हो रहा है।

स्ट्रीट लाइट बंद, अंधेरे में डूबा कॉन्वेंट स्कूल एवं चौरा टोला मार्ग

नपानि सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 42 में कॉन्वेंट स्कूल तिराहा बिलौंजी से एलआईजी देवरा तिराहा होते हुए वार्ड क्रमांक 41 के गनियारी के चौरा टोला मार्ग तक रात के समय स्ट्रीट लाइट बंद रहने से अंधेरा छाया रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई दिनों से स्ट्रीट लाइट व्यवस्था खराब है, लेकिन नगर निगम की ओर से अब तक सुधार की ठोस पहल नहीं की गई है। रात में मार्ग से पैदल गुजरने वाले लोगों को अंधेरे के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बारिश के मौसम में समस्या और गंभीर हो गई है। चौरा टोला मार्ग कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त है और सड़क पर बने गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को रास्ता पार करने में परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधेरे में गड्ढे दिखाई नहीं देने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

एक नजर में

नापी के बाद जेसीबी से रास्ता खुला

सिंगरौली। मारुति नगर में रास्ता बंद होने की शिकायत पर आज रविवार को प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। वार्ड क्रमांक 37-38, ढोटी क्षेत्र में तहसीलदार सविता यादव, आरआई-पटवारी, पार्षद अनिल कुमार वैश्य और विंध्यनगर पुलिस की मौजूदगी में स्थल का निरीक्षण कर रास्ते की नापी कराई गई। इसके बाद जेसीबी से बाधित रास्ता खुलवाकर आवागमन बहाल कराया गया। बताया गया कि विजय सिंह के मकान के पास रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। रास्ता बंद होने से एक परिवार करीब एक माह से परेशान था। परिजनों के अनुसार बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी। जहां शिकायत मिलने के बाद प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर भूमि एवं रास्ते की स्थिति की जांच की। नापी की कार्रवाई के बाद जेसीबी से रास्ता खुलवाया गया।

कन्या स्कूल की प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी भंग

सरई। सरई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई में शाला प्रबंधन समिति के गठन को लेकर चल रहा विवाद आखिरकार खत्म हो गया है। ग्रामीणों और अभिभावकों के भारी विरोध और धांधली के आरोपों के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नवगठित कार्यकारिणी को पूरी तरह से भंग कर दिया है। इसके साथ ही विवादों में घिरे समाज सेवी प्रेम सिंह भाटी को भी अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। आरोप है कि पिछले दिनों गुपचुप तरीके से अपने मन मुताबिक उक्त विद्यालय के शाला प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया था, जबकि बैठक में उपस्थिति संख्या बल कम थी।

कुएं में डूबने से प्रौढ़ व्यक्ति की मौत

सिंगरौली। चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़ैनिया प्रथम निवासी एक प्रौढ़ व्यक्ति कुएं में समा गया, जहां गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कुड़ैनिया प्रथम गांव निवासी रामभजन सिंह गोड़ पिता रामकुमार सिंह उम्र 53 वर्ष बीती शाम घर के समीप कुएं में गिर पड़े। बच्ची शोर-शराबा की,जहां घर के परिजन पहुंच कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक में रामभजन की मौत हो चुकी थी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

आइडिया-व्हीआई का नेटवर्क 20 घंटे से अस्त-व्यस्त

नवभारत न्यूज

सरई 30 अगस्त। जिले की सरई तहसील में वोडाफोन आइडिया की लचर सेवा से हजारों उपभोक्ता बेहद परेशान हैं। सरई तहसील क्षेत्र अंतर्गत पिछले 15 से 20 घंटे से लगातार आइडिया का टावर और सर्वर डाउन पड़ा है, जिससे पूरे क्षेत्र में नेटवर्क पूरी तरह गायब हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरई तहसील मुख्यालय सहित सरई,दुधमनिया, झारा, गोरा, ओबरी, भुईमाड़ और आसपास के दर्जनों गांवों के उपभोक्ता इस समस्या से जूझ रहे हैं। मोबाइल में नेटवर्क न होने से फोन शोपीस बनकर रह गए हैं,

जरूरी कॉल नहीं लग पा रहे हैं, ऑनलाइन यूपीआई पेमेंट, पढ़ाई और किसानों के रोजमर्रा के कामकाज पूरी तरह ठप पड़े हैं। इमरजेंसी में परिजनों से संपर्क तक नहीं हो पा रहा है।

मुझे साजिशन बदनाम किया जा रहा है : अरविंद

सिंगरौली 30 अगस्त (एनबीएन)। दुधमनिया तिराहा पर 28 अगस्त की आधी रात एक युवक-युवती बैठे थे, जहां कुछ लोग मारपीट कर रहे थे। मुझे इस बात की जानकारी लगी तो तहकीकात करने पहुंचा, जहां बीच-बचाव करने लगा। तभी हमारे साथ भी मारपीट कर मोबाईल छीन लिया गया। उक्त बाते मीडिया कर्मी अरविंद साकेत ने अपने सफाई में दिया है और कहा है कि मुझे कुछ लोग साजिशन बेवजह बदनाम कर रहे हैं। मेरा किसी से कोई प्रेम प्रसंग का मामला नही था। कुछ लोगों में मैं खटक रहा हूँ।

13 वर्षों से सड़क और पुल की हालत जस की तस : सूर्या

बारिश में एनएच-39 सीधी-सिंगरौली पर आवागमन पूरी तरह ठप

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 अगस्त। युवा कांग्रेस सिंगरौली के पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्यकुमार द्विवेदी सूर्या ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सीधी-सिंगरौली एनएच-39 की बदहाल स्थिति को लेकर भाजपा सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर तीखा निशाना साधा है।

श्री द्विवेदी ने कहा कि बारिश के दौरान एनएच-39 की जर्जर सड़के और खस्ताहाल पुलों की स्थिति के कारण सीधी-सिंगरौली मार्ग पर आवागमन पूरी

तरह ठप हो गया है। सड़क और पुल की बदहाल स्थिति के चलते आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है। पिछले 13 वर्षों में कई बार इसी तरह की स्थिति निर्मित हो चुकी है और कई अवसरों पर तीन से चार महीने तक इस मार्ग से आवागमन प्रभावित रहा है। श्री द्विवेदी ने भाजपा के स्थानीय सांसद और विधायकों पर निशाना साधते हुए कहा कि बड़े-बड़े पोस्टरों और प्रचार माध्यमों में सिंगरौली एयरपोर्ट के भविष्य का प्रचार और फोटोबाजी करने में जनप्रतिनिधि आगे रहते हैं, लेकिन,जनता की रोजमर्रा की मूलभूत सुविधाओं, सड़क, पुल और सुरक्षित आवागमन पर उनका ध्यान क्यों नहीं है।

सरई बाजार में सड़क पर दो पक्षों में मारपीट

सरई 30 अगस्त (एनबीएन)। सरई बाजार में आज रविवार को गैस गोदाम के समीप सड़क पर दो युवको के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों सड़क पर ही हाथापाई करने लगे, जिससे कुछ देर के लिए आवागमन भी प्रभावित हुआ। मौके पर मौजूद लोगों ने विवाद को शांत कराया ।

विंध्याचल ने खेल भावना और साइकिल रैली के साथ मनाया उत्सव

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 30 अगस्त। एनटीपीसी विंध्याचल ने फिट इंडिया की थीम खेलेगा भारत, जीतेगा भारत के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह एवं खेल भावना के साथ मनाया।

डॉ. बीआर अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित समारोह का शुभारंभ हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। किशोर कुमार होता, कार्यकारी निदेशक विंध्याचल तथा वरिष्ठ प्रबंधन टीम ने मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात एनटीपीसी गीत एवं खेल प्रतिज्ञा का आयोजन किया गया।

खेल प्रतिज्ञा अंग्रेजी में किशोर कुमार होता द्वारा तथा हिंदी में एम सुरेश महाप्रबंधक द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर 200 से अधिक कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का नेतृत्व किशोर कुमार होता कार्यकारी निदेशक ने किया। रैली को संबोधित करते हुए किशोर कुमार होता ने फिटनेस एवं स्वस्थ जीवनशैली को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नियमित शारीरिक गतिविधियां स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।



विधायक ने हिर्रवाह में ग्रामीणों से किया संवाद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 अगस्त। सिंगरौली विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 43 हिर्रवाह में विधायक रामनिवास शाह ने ग्रामीणजनों और बच्चों से मुलाकात कर उनका कुशल-क्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से क्षेत्र की आवश्यकताओं और स्थानीय विषयों को लेकर संवाद किया तथा उनकी बातों को सुना। विधायक शाह ने ग्रामीणों से बातचीत के दौरान क्षेत्र में उपलब्ध सुविधाओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय स्तर पर सामने आ रही समस्याओं को समझते हुए संबंधित विषयों पर चर्चा की।

झिंगुरदा परियोजना में अंतरक्षेत्रीय क्रॉस कंट्री रेस आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 अगस्त। एनसीएल द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अंतरक्षेत्रीय क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया गया, एनसीएल झिंगुरदा परियोजना में आयोजित इस प्रतिस्पर्धा में कंपनी की सभी परियोजना एवं इकाइयों से महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने भाग लिया।

क्रॉस कंट्री रेस के अंतर्गत पुरुष प्रतिभागियों द्वारा 8 किमी एवं महिला प्रतिभागियों द्वारा 2.5 किमी की दूरी तय की गयी। व्यक्तिगत प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में जयंत क्षेत्र से जगत कुमार वैश्य ने पहला, सतीश कुमार ने दूसरा और अमलोरी से यूपी सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । वहीं महिला वर्ग में एनएससी से मीना कुमारी ने प्रथम, हेमलता कुमारी ने दूसरा और सीता साहू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसी के साथ ग्रुप चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग में क्रमशः जयंत क्षेत्र प्रथम एवं निगाही क्षेत्र द्वितीय स्थान पर रहा एवं महिला वर्ग में नेहरु शताब्दी चिकित्सालय प्रथम एवं बीना क्षेत्र द्वितीय स्थान पर रहा। क्रॉस कंट्री रेस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए।

जांच में गड़बड़ी सामने आई,सरपंच पर कार्रवाई क्यों नहीं ?

राजनीतिक संरक्षण के आरोप, जिला पंचायत अधिकारियों की भूमिका पर सवाल,सब इंजीनियर और इंजीनियर पर भी कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 अगस्त। देवसर जनपद की ग्राम पंचायत कठदहा में करीब 16 लाख रुपये की लागत से निर्मित चेकडैम पहली बारिश में क्षतिग्रस्त होने के मामले में जांच के बाद कार्रवाई शुरू हो गई, लेकिन सरपंच पर अब तक अंतिम कार्रवाई नहीं होने को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

पंचायत सचिव बिहारीलाल साकेत को निलंबित किया जा चुका है, जबकि उपयंत्री सतीश पटेल की संविदा समाप्ति की प्रक्रिया चल रही है। मामले में सरपंच दिलशरण सिंह को पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित समयसीमा बीतने के बावजूद कार्रवाई लंबित है। इसी को लेकर ग्रामीणों में चर्चा है कि आखिर सरपंच पर कार्रवाई कब होगी। वहीं शिकायत कर्ताओं की ओर से आरोप लगाया जा रहा है कि राजनीतिक संरक्षण के चलते जिला पंचायत के अधिकारी सरपंच पर मेहरबानी बरत रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

इनका कहना :-

हम गरीब मजदूरों ने कड़ाके की धूप में पसीना बहाकर काम किया, लेकिन महीनों से हमारी मजदूरी नहीं मिली। दूसरी तरफ 16 लाख का चेकडैम पहली ही बारिश में बह गया और 10 लाख की पुलिया टूट गई। 2011 से यही खेल चल रहा है।

सुखमंती सिंह, श्रमिक

इनका कहना :-

कठदहा पंचायत में पिछले कई सालों का रिकॉर्ड निकाल लीजिए। शिकायत होती है, जांच होती है, 15 दिन के लिए सचिव सस्पेंड होता है और फिर नया सचिव-रोजगार सहायक आकर वही पुरानी लूट शुरू कर देते हैं। सरपंच हर बार अधिकारियों पर दबाव बनाकर फर्जी बिल पास करवाता है।

शिव शंकर पनिका

इनका कहना :-

जिपं सीईओ और कलेक्टर से मिलकर हमने सारे सबूत दिए थे। जब जांच में धांधली साबित हो गई, तो फिर फैसला लेने में इतनी देरी क्यों? यह साफ दिखाता है कि सरपंच को किसी बड़े नेताओं का राजनीतिक संरक्षण मिला है।

विश्वनाथ बैस